**दिनांक : 10/07/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आस्ट्रेलिया की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर। आज नेता प्रतिपक्ष एंगस टेलर से मुलाकात करेंगे।
- सड़क अधोसरंचना विकास में मध्यप्रदेश में आज एतिहासिक अध्याय जुड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना का भूमिपूजन करेंगे।
- पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकार ई85 ईंधन लाने की योजना बना रही है।
- फुटबॉल विश्व कप में फ्रांस ने मोरक्को को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-ऑस्ट्रेलिया-नेता प्रतिपक्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया की राजकीय यात्रा अंतिम पड़ाव पर है। तीन देशों की इस यात्रा में अगले गंतव्य के लिए रवाना होने से पहले आज मेलबर्न में श्री मोदी के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित हैं। श्री मोदी आज ऑस्ट्रेलिया के नेता प्रतिपक्ष एंगस टेलर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों और राजनीतिक सहयोग को प्रगाढ़ करने पर व्यापक चर्चा होगी। इसके पूर्व प्रधानमंत्री ने कल ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

ग्रीनफील्ड फोरलेन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के सड़क अधोसंरचना विकास में 10 जुलाई को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। इस दिन उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग परियोजना का भूमि पूजन होगा। लगभग 98.73 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण 5,017 करोड़ रुपये की लागत से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा किया जाएगा। यह परियोजना उज्जैन दक्षिण, घट्टिया, नागदा-खाचरौद, आलोट एवं जावरा विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। दो वर्ष में पूर्ण होने वाली इस परियोजना से लगभग 35 लाख आबादी तथा 62 ग्राम प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग के निर्माण से उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधा एवं तेज संपर्क मिलेगा। साथ ही इंदौर, भोपाल एवं मालवा क्षेत्र की कनेक्टिविटी भी और अधिक सुदृढ़ होगी।

किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और आधारभूत विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर 55 लाख हैक्टेयर से अधिक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। एक हजार रूपये हर माह एक साल तक दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील में आयोजित किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

पुलिस अधीक्षकों का सम्मेलन-अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सुरक्षित सीमा, समृद्ध सीमावर्ती क्षेत्र और जागरूक समाज मिलकर देश को सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवंत ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत पलायन रोकने, रोजगार सृजित करने और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश को पूरी तरह से घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए एक मजबूत व्यवस्था का निर्माण कर रही है। श्री शाह कल नई दिल्ली में सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

ई85 ईंधन कीमत

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि सरकार ई85 ईंधन लाने की योजना बना रही है, जो मानक ई20 पेट्रोल से करीब 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता होगा। उन्होंने कहा कि ई85 केवल उन वाहनों के लिए उपलब्ध होगा जो विशेष रूप से इस ईंधन के उपयोग के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य सरकार के इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को आगे बढ़ाना है।

सीतारामन-बिजनेस समिट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि कुशल कार्यबल, मजबूत संस्थानों और नवाचार के कारण भारत वैश्विक क्षमता केंद्रों- जीसीसी के लिए सबसे पसंदीदा देशों में शामिल है। नई दिल्ली में सीआईआई राष्ट्रीय जीसीसी बिजनेस समिट-2026 को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि देश में इक्कीस सौ से अधिक जीसीसी हैं, जहां 23 लाख से अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से कार्यरत हैं। इन केंद्रों से हर साल लगभग दस हज़ार करोड़ डॉलर का राजस्व प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र इंजीनियरिंग, अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, साइबर सुरक्षा, वित्त, उत्पाद डिजाइन और डेटा विज्ञान को एक साथ लाकर नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

ओमान यात्रा-विदेश मंत्री

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर कुवैत की यात्रा पूरी करने के बाद ओमान पहुंच गए हैं। उनके आगमन पर ओमान के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक शेख अहमद अल मस्कारी ने उनका स्वागत किया। डॉ. जयशंकर कतर, बहरीन, कुवैत, ओमान, न्यूयॉर्क और ब्रुसेल्स की ग्यारह दिन की यात्रा पर हैं। ओमान यात्रा पूरी करने के बाद, वे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 2028-29 कार्यकाल के लिए भारत के आधिकारिक अभियान की शुरुआत करेंगे।

तीरंदाजी विश्व कप

स्पेन के मैड्रिड में तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत के धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा रिकर्व मिश्रित स्पर्धा के कांस्य पदक मुकाबले में पहुंच गए हैं। सेमीफाइनल में उन्हें चीन से तीन-पांच से हार मिली। अब कांस्य पदक के लिए उनका मुकाबला इटली से होगा। वहीं, भारत की पुरुष और महिला रिकर्व टीम क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। हालांकि, भारत की महिला कंपाउंड टीम पहले ही फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर चुकी है।

फुटबॉल विश्व कप

फुटबॉल विश्व कप में फ्रांस ने मोरक्को को दो-शून्य से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अमरीका के बोस्टन में खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल में पहले हाफ तक कोई गोल नहीं हुआ। दूसरे हाफ में किलियन एम्बाप्पे ने 60वें मिनट में और उस्मान डेम्बेले ने 66वें मिनट में गोल कर फ्रांस को जीत दिलाई। एम्बाप्पे 30 साल की उम्र से पहले विश्व कप में 20 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। फ्रांस लगातार तीसरी बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। दूसरे क्वार्टर फाइनल में आज रात स्पेन का मुकाबला बेल्जियम से होगा। वहीं, नॉर्वे का सामना इंग्लैंड से और अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से होगा।

फुटबॉल विश्व कप

फुटबॉल विश्व कप में फ्रांस ने मोरक्को को दो-शून्य से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अमरीका के बोस्टन में खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल में पहले हाफ तक कोई गोल नहीं हुआ। दूसरे हाफ में किलियन एम्बाप्पे ने 60वें मिनट में और उस्मान डेम्बेले ने 66वें मिनट में गोल कर फ्रांस को जीत दिलाई। एम्बाप्पे 30 साल की उम्र से पहले विश्व कप में 20 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। फ्रांस लगातार तीसरी बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। दूसरे क्वार्टर फाइनल में आज रात स्पेन का मुकाबला बेल्जियम से होगा। वहीं, नॉर्वे का सामना इंग्लैंड से और अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- इंदौर जिले में जनगणना से संबंधित हस्तपुस्तिका तैयार की जाएगी, जिसके लिए लगभग 150 अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज, 10 जुलाई से शुरू हो रहा है।
- किला भवन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश मेला का शुभारंभ हो गया है।
- खंडवा में आगामी 2 से 4 अगस्त तक श्खण्डवा गौरव दिवसश् में पार्श्वगायक विनोद राठौर को प्रतिष्ठित किशोर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।
- धार जिले की बदनावर तहसील के ग्राम दत्तीगारा में कृषि विभाग ने अमानक बीज उपचार दवा के मामले में डीलर और कंपनी संचालक के खिलाफ पुलिस केस दर्ज कराया है।
- झाबुआ, थांदला और पेटलावद में उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है।
- आगर-मालवा जिला सहकारी विपणन संस्था को वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य पर म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ भोपाल द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया है।
- कटनी में आवास प्लस 2024 सर्वे के तहत तैयार वेटिंग लिस्ट को फाइनल करने और उसके वेरिफिकेशन के लिए दो दिवसीय ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।
- जबलपुर में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने निकायों की आय बढ़ाने वाले नवाचार साझा करने के निर्देश दिए।
- डिंडोरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया गाड़ासरई के बिरासनी शिशु विद्या मंदिर का औचक मुआयना किया गया।
- नीमच जिले के 105 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की तय मानकों के अनुरूप संचालन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।
- वहीं मौसम में प्रदेशभर में लगातार बारिश का दौर जारी है। भोपाल में भी कल दिनभर बादल छाए रहे और रूक-रूककर बारिश होती रही। इस बीच मौसम विभाग ने ग्वालियर, गुना, सागर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, इंदौर, होशांगाबाद जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।
- और क्रिकेट में इंग्लैंड ने कल ब्रिस्टल में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैड ने पहली बार भारत के खिलाफ टी20 सीरीज जीती।

------------